तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 16.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 14 मार्च 2025



12 हम सदन में निभाएंगे मजबूत विपक्ष की भूमिका, जनता का...




12 होलिका दहन से घर की दरिद्रता का नाश: पंकज



## खबर संक्षेप

### घर से पचास हजार रुपये की नकदी व जेवर चोरी

**पानीपत।** गांव गढ़ सरनाई निवासी सूरजपाल के घर से चोरों ने पचास हजार रुपये की नकदी व जेवर चोरी कर लिए। वहीं घटना के समय सूरजपाल अपने परिवार के साथ करनाल के गांव उंचा सामना स्थित पीर पर डेग करने गया था। वहीं हुडा सेक्टर 13/17 पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकान से लाखों के मोबाइल ले उड़े चोर

**पानीपत।** थाना सेक्टर-29 पुलिस को दी शिकायत में विनय निवासी गांव नांगल खेडी ने बताया कि उसकी विनय कम्युनिकेशन के नाम से दुकान है और चोरों ने दुकान के ताले तोड कर दो की पैड फोन, एक आइफोन, दो रेडमी के फोन, दो हैडफोन, दो चार्जर आदि सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक सवार दो बदमाशों ने टीचर से चेन छीनी

**पानीपत।** बरसत रोड पर शिक्षिका राजकमल निवासी हुडा सेक्टर 13-17 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की चेन झपट कर बाइक सवार दो बदमाश फरार हो गए। राजकमल की शिकायत पर तहसील कैंप थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की शिनाख्त के लिए पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है।

### आरोपियों ने दो दोस्तों को पीटा, घायल

**समालखा।** दो दोस्तों सूरज व रियाज के साथ मारपीट कर दोनों को घायल कर दिया गया। वहीं, समालखा थाने में दी शिकायत में सूरज ने आरोप लगाया कि गीता स्कूल के सामने गली में गौरव, सन्नी, ऋषि व भापरा निवासी एक अन्य युवक ने उनके साथ मारपीट की है। थाना समालखा पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती नकदी लेकर लापता हुई, केस दर्ज

**पानीपत।** राजनगर की 18 वर्षीय युवती घर से 44 हजार की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात लेकर लापता हो गई। लड़की मंदिर जाने का बहाना बनाकर घर से निकली थी। पिता की शिकायत पर आठ मरला चौकी पुलिस ने लड़की की गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

### कारद गांव में तीन लाख के तार चोरी

**पानीपत।** गांव कारद में चोरों ने बिजली निगम के खंभों से 33 केवी लाइन के 3 किलोमीटर लंबे तार चोरी कर लिए। वहीं, सेंचुरी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के इंजीनियर प्रवीण कुमार ने बताया कि उनकी कंपनी पिछले नौ महीने से क्षेत्र में काम कर रही है। चोरी हुए तार की कीमत करीब तीन लाख रूपये है। प्रवीण की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सुरक्षा कर्मियों की भर्ती 24 से

**पानीपत।** सिक्योरिटी स्किल कांउसलिंग इंडिया लिमिटेड द्वारा बेरोजगार प्रार्थियों के लिए सुरक्षा कर्मी व सुरक्षा सुपरवाइजर पदों की भर्ती के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने यह जानकारी दी बताया कि 24 से 28 मार्च तक ये भर्तियां होंगी।

### एसडी स्कूल में हुई वर्कशॉप

**पानीपत।** एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में छठी से 12वीं कक्षा के अध्यापकों के लिए एक स्पेशल तनाव प्रबंधन पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने की। मुख्य अतिथि कुसुम धीमान, अनीता खुराना, विक्रम वर्मा व गीता डबरा रहे।



यमुनानगर। हुंडावाला में अनाधिकृत कॉलोनी में किए गए अवैध निर्माण कार्य को ढहाते हुए जेसीबी मशीन। फोटो: हरिभूमि

# अवैध कॉलोनियों में चला डीटीपी का पीला पंजा

## जिला नगर योजनाकार विभाग ने जेसीबी मशीन की मदद से आठ एकड़ में विकसित की जा रही दो अनाधिकृत कॉलोनियों में किए गए अवैध निर्माण कार्य को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा अर्बन एरिया यमुनानगर जगाधरी में पड़ने वाले राजस्व सम्पदा मौजा हुण्डेवाला में विकसित की जा रही दो अनाधिकृत कालोनियों में किए निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन की मदद के ध्वस्त कर दिया। इस दौरान किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने लोगों से अनाधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई को निवेश नहीं करने के लिए आहवान किया।

वीरवार को जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ड्यूडी मैजिस्ट्रेट एवं नायब तहसीलदार की आगुवाई में पुलिस बल के साथ हुंडेवाला स्थित अनाधिकृत कॉलोनियों में पहुंचे। इस दौरान आठ एकड़ में विकसित की जा रही दो अनाधिकृतक कॉलोनियों में बनाए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन की मदद से ढ़हा दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं घटी और शांतिपूर्वक अवैध निर्माण कार्य को ढ़हा दिया गया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि इन अवैध कॉलोनियों में बनी नीवें, मकान व चारदीवारी को ढहा दिया गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले चूककर्ताओं को अर्बन एरिया एक्ट नंबर 8 ऑफ 1975 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई। वहीं, चूककर्ताओं और भू मालिकों आदि द्वारा अवैध कालोनी की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं लेने के कारण इन अवैध कॉलोनियों में किए गए निर्माण कार्य को ध्वस्त करने की कार्रवाई अमल में लाई गई।

### अनाधिकृत कॉलोनियों में न करें निवेश

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने सभी जनसाधारण को सूचित करते हुए कहा है कि कोई भी व्यक्ति किसी अवैध कालोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करें। यदि फिर भी कोई व्यक्ति अवैध कालोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। जिला प्रशासन द्वारा उसके विरुद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## लापरवाही : प्रशासन की गंभीर खामी उजागर


# नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों को जारी कर दिए गलत तिथि के प्रमाण-पत्र

- प्रमाण पत्र में गलती मिलने पर कई निर्वाचित उम्मीदवारों ने वापस लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रशासन की एक गंभीर खामी उजागर हुई है। नगर पालिका में नतीजे घोषित होने के बाद विजयी अध्यक्ष व सदस्यों को जारी प्रमाण-पत्रों में लापरवाही सामने आई है। इन प्रमाण-पत्रों पर 12 मार्च 2025 की जगह 12 फरवरी 2025 की तिथि अंकित की गई थी। 12 मार्च को मतगणना के बाद विजयी उम्मीदवारों को प्रशासन की ओर से जीत हासिल करने के प्रमाण-पत्र दिए गए थे उसमें मार्च की बजाय फरवरी महीना अंकित था। हालांकि 12 मार्च को चुनाव जीतने की खुशी में किसी भी विजयी उम्मीद्वार ने इस त्रुटि पर ध्यान नहीं दिया। अगले दिन जब उम्मीदवारों ने अपने-अपने प्रमाण-पत्रों को ध्यान से देखा और उन्हें गलत तिथि के लिखे होने की गलती का पता चला। इसके बाद सभी एक-दूसरे को फोन कर उनके प्रमाण-पत्रों पर अंकित तिथि के बारे में पता करने लगे तो यह सामने आया कि नपा चुनाव में जितने भी विजेता रहे थे उन सभी के प्रमाण-पत्रों में तिथि 12 मार्च की बजाय 12 फरवरी अंकित थी। कई विजेताओं ने तो अपने प्रमाण पत्र वापस जमा करवा दिए है।

*विजेताओं को दिए गए जीत के प्रमाण-पत्रों में गलत तिथि दर्ज होने की जानकारी मेरे संज्ञान में नहीं है, यदि ऐसा हुआ है, तो इस त्रुटि को शीघ्र ही ठीक कर दिया जाएगा।*
*-अमित भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी, बराड़ा*


Annexure-XLVIII
CERTIFICATE OF ELECTION
I, Returning Officer for the election of the President & Members to the Municipal Committee
Barara hereby certify that I have on this 12th day of February 2025 declare
Sh./Smt./Ms. GURINDER
S/o W/o D/o SH- AMRINDER SINGH
the candidate sponsored by INDEPENDENT
recognized / Registered Political Party
Ward No 16 of Municipal Committee Barara
to him/her this certificate of election
Place: BARARA
Date: 12-03-2025
Signature
Name of the Returning Officer
Municipal Committee Barara

प्रमाण-पत्र की प्रति जिसमें गलत तिथि अंकित है।

### प्रशासन में मचा हड़कंप

इस गलती के सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। प्रमाण-पत्रों में गलती की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो गया और विजेताओं को दिए प्रमाण पत्रों की जांच की तो इस बात का खुलासा हुआ कि वाकई ही प्रमाण पत्रों पर गलत तिथि लिखी गई है। बताया जा रहा है कि इन प्रमाण-पत्रों में दो स्थानों पर तिथि अंकित थी जिसमें ऊपर की दूसरी लाइन में तिथि 12 फरवरी 2025 लिखी थी जबकि नीचे साइड में स्थान के पास सही तिथि 12 मार्च 2025 दर्ज थी। अब निर्वाचित उम्मीदवारों को नए संशोधित प्रमाण-पत्र जारी करने की बात कही जा रही है।



जींद। मांगों को लेकर कार्यवाहक सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

# स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

- नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों की भर्ती व अल्ट्रासाउंड सुविधा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी का प्रतिनिधि मंडल गुरूवार को कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया से मिला और स्वास्थ्य बहाली की मांग को लेकर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

पार्टी जिला सचिव कपूर सिंह, संदीप जाजवान ने कहा कि नागरिक अस्पताल में बड़ी संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टरों व अन्य सहायक स्टाफ की भर्ती के पद खाली पड़े हैं। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करने के लिए कोई चिकित्सक नही है और न ही जांच व दवाइयों का प्रबंध है। इन समस्याओं को लेकर नागरिक अस्पताल पर पार्टी 17 मार्च को जन धरना देगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बीजेपी का राज आने के बाद सार्वजनिक स्वस्थ्य सेवाओं का सरकार द्वारा जानबूझकर बैठाया जा रहा है।

# मिड-डे मील वर्कर्स को नहीं मिला तीन माह से वेतन, सौंपा ज्ञापन

- मिड-डे मील वर्कर्स बोली, घर का गुजारा करना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

खंड में कार्यरत मिड-डे मील वर्करों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मिड डे मील वर्करों ने उपमंडल अधिकारी (नागरिक) को ज्ञापन सौंपते हुए समय पर वेतन देने की गुहार लगाई है।

गांव घेलड़ी के सरकारी स्कूल में कार्यरत मिड-डे मील वर्कर एवं मिड डे मील यूनियन की प्रधान ममतेश चौहान ने बताया कि खंड के सभी मिड डे मील वर्करों का वेतन रुका हुआ है, जिससे उन्हें घर चलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द वेतन जारी करने की मांग की है। वर्करों ने नियमित वेतन देने के इलावा वर्कर की वर्दी राशि को बढ़ाकर 1200 करने, नौकरी के दौरान मृत्यु होने पर उसके परिवार को 5 लाख मुआवजा देने की भी मांग की है। इस मौके पर हरविंद्र कौर, ममतेश चौहान, सविता देवी, सीमा देवी, सरस्वती, सुमन, फूलवती, बबती रानी, सुखविंद्र कौर, मीना, सन्ध्या देवी, ममता, सुरजीत कौर, सत्या देवी, केला रानी और मनजीत सहित खंड बराड़ा के स्कूलों में कार्यरत कई मिड-डे मील वर्कर उपस्थित रही।



बराड़ा। ज्ञापन सौंपते हुए मिड डे मिल वर्कर्स। फोटो: हरिभूमि




### होली उमंगों व रंगों का त्योहार, जो आपस में सौहार्द और प्रेम की भावना को बढ़ाता है : मनोहर लाल

**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासीय एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि होली का पर्व रंगों का त्योहार है और यह त्योहार हमें भाई-चारे को मजबूत बनाने का संदेश देता है। आज के दिन हम सभी को एक दूसरे की बुराइयों को भुलाकर आपस में गले मिलना चाहिए और समाज को एक नई दिशा देने का संकल्प लेना चाहिए। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल वीरवार को काछवा रोड स्थित मेहता पैलेस में आयोजित होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं व आम जन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने जिलावासियों को होली के पवित्र त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली उमंगो व रंगों का त्योहार है जो आपस में सौहार्द और प्रेम की भावना को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हम सभी मतभेद भुला कर मनाना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच में जाकर उन पर फूलों की बरसात की और फूलों की होली खेली कर भाईचारे की मजबूती का संदेश दिया। उन्होंने आह्वान किया कि वे पानी को व्यर्थ न बहाएं बल्कि उसका संरक्षण करें। केंद्रीय मंत्री ने नगर निकाय चुनाव में नवनिर्वाचित मेयर, नगर पालिका अध्यक्षों व पार्षदों को प्रचंड जीत के लिए जिलावासियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। यह जीत विकास और विश्वास की जीत है। अब प्रदेश में विकास कार्य और तेज गति से होंगें तथा ट्रिपल इंजन की सरकार विकास कार्यों को और गति देगी।

### अग्निपथ योजना व रेगुलर एंट्री से ऑनलाइन आवेदन करें युवा

- पानीपत, सोनीपत, रोहतक व झज्जर जिलों के युवा कर सकेंगे आवेदन

**पानीपत।** अग्निपथ योजना तथा रेगुलर एंट्री के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है , जो 10 अप्रैल तक होगी, जिसके लिए ऑनलाइन पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटज्वाईलइंडियनआर मीडॉटएनआईसीडॉटइन आगामी 10 अप्रैल तक खुला रहेगा। यह प्रक्रिया 12 मार्च से शुरू की गई है। वहीं, सेना भर्ती कार्यालय रोहतक के निदेशक गौतम चौहान ने बताया कि भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए भर्ती दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (ऑनलाइन सीईई) व द्वितीय चरण भर्ती रैली होगी। भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार के लिए अपना नाम वेबसाइट पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। ऑनलाइन प्रक्रिया 10 अप्रैल के उपरांत बंद कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पानीपत, सोनीपत, रोहतक और झज्जर जिलो के जिन युवाओं का जन्म 01 अक्टूबर 2004 से 01 अप्रैल 2008 के बीच हुआ हैं और उन्होंने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए हैं और परिणामों की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हों।




## खबर संक्षेप

### होली का पूजन कर मांगीं मन्नतें

**घरौंडा।** होलिका दहन समिति की ओर से घासी राम ग्राउंड में होलिका दहन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मंच के माध्यम से रंगा रंग कार्यक्रम आयोजन किए गए। कार्यक्रम में समाज सेवी संदीप गुप्ता व राजकुमार राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। होलिका दहन के अवसर पर सुबह के समय से ही बड़ी मात्रा में महिलाएं व बच्चे होली पूजन के लिए रामलीला ग्राउंड में पहुंचने शुरू हो गए थे। और देर शाम तक महिलाओं ने होली का पूजन किया व अपने परिवार व बच्चों के लिए होली का पूजन कर मन्नते मांगी। होलिका दहन महोत्सव में आए सभी भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था। मंच के माध्यम से मुख्य अतिथि राजकुमार राणा ने कहा कि जिस प्रकार से होलिका दहन समिति की ओर से हर वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम किया जा रहे हैं।

### प्रमोद कुमार सर्वसम्मति से जिला प्रधान बने

**करनाल।** हरियाणा लिपीकीय संगठन सिंचाई विभाग की जिला करनाल इकाई की बैठक प्रधान प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान राज्य उपप्रधान सुनील कुमार चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। संगठन को मजबूत करने सहित कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रमोद कुमार जिला प्रधान चुने गए। विकास कुमार को सचिव, मोहन को उपप्रधान, रजनी पांचाल को सह सचिव, संजय को मीडिया प्रभारी व मनभर को लेखा परीक्षक चुना गया। जिला प्रधान प्रमोद कुमार ने कहा कि लिपिकों की मांगों को सरकार के समक्ष जोरशोर से उठाया जाएगा।

### नॉमिनेशन स्टार्ट, पहला पुरस्कार ग्यारह हजार

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा हरियाणा प्रदेश के विभिन्न राज्यों के गायकों को एक बड़ा प्लेटफार्म दिया जा रहा है जिसके माध्यम से गायक अपने गीतों की प्रस्तुति देकर नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी जीत सकते हैं। इसी विषय पर एक बैठक का आयोजन नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में कार्यक्रम को लेकर नरेंद्र अरोड़ा एवं पवन शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा वीरवार 20 मार्च को डिबेंचर होटल में सुपरस्टार सिंगर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गायिकी का शौंक रखने वाले किसी भी आयु के गायक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

## युवाओं के लिए रोजगार के लिए परियोजना, शहर का योजनाबद्ध विकास प्राथमिकता

# करनाल बनेगा देश का सबसे सुंदर व समृद्ध शहर,यही होगी हमारी प्राथमिकता : मेयर

लगातार तीसरी बार मेयर निवर्चाचित हुई रेणु बाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल नगर निगम चुनाव में मेयर पद पर निर्वाचित हुई रेनू बाला गुप्ता देश में एक मात्र भाजपा महिला नैत्री बनी है। लगातार तीसरी बार मेयर पद के लिए निवर्चाचित हुई हैं। आज उनके निवास पर हजारों लोग बधई देने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि मेयर बनने के बाद उनकी पहली प्राथमिकता करनाल को देश को सबसे समृद्ध शहर बनाना हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में विधायक जगमोहन सिंह के सहयोग से करनाल को विकास के चरम उत्कर्ष पर पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि करनाल में सभी कोलोनियों को नियमित करवाना चाहती है। उन्होंने कहा कि उनका विजन शहर के चहुमुखी विकास करने का हैं। उन्होंने कहा कि करनाल को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने की दिशा में करनाल में बन रहा फ्लाई ओबर मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत आम आदमी की जीत हैं। उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार पार्टी के नेताओं ने उन पर भरोसा दिखाया हैं। इस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगी। उन्होंने बताया कि पिछले दस सालों में करनाल शहर ने बदलाव का ऐतिहासिक सफर तय किया हैं। उन्होंने कहा कि करनाल के लिए यह दुर्भागय हैं कि यहां चुनाव के समय कुछ लोग जातिवाद को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि करनाल को विकास के प्रति समर्पित लोग चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास संगठन नहीं हैं हमारे पास संगठन हैं।



इंद्री। शिव मंदिर इंद्री में होली उत्सव पर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो: हरिभूमि

## शिव मंदिर इंद्री में मंदिर सुधार सभा ने मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

मंदिर सुधार सभा इंद्री द्वारा शिव मंदिर इंद्री में होली उत्सव के उपलक्ष्य में फूलों की होली खेली गई व होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवम गोयल ने की व मुख्यातिथि के तौर पर शुभम वर्मा ने शिरकत की। मंच का संचालन अशोक मलिक ने किया। इस मौके पर करनाल से आए कलाकारों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सभा प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि मंदिर सुधार सभा कस्बे में हर त्योहार को अच्छे ढंग से मनाती है ताकि आने वाली युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होने बताया कि शिव मंदिर इंद्री में होली दहन व फूलों की होली खेलते हुए होली उत्सव मनाया गया है। इस कार्यक्रम में मंदिर सुधार सभा सदस्यों व कस्बावासियों का अहम योगदान रहा।

*शहर में धूमधाम से मनाया पर्व*

## लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



शहर के विभिन्न हिस्सों में होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर दयानगर, नत्था सिंह कॉलोनी, स्टेशन एरिया, काटजू नगर, प्रेम कॉलोनी, चौधरी मोहल्ला, डेयरी मोहल्ला के अलावा अन्य कई हिस्सों में महिलाओं ने बनाई गई होली की परिक्रमा की एवं पूजा-अर्चना की। गौरतलब है कि हिन्दू धर्म में होली के पर्व का बहुत महत्व है तथा होली के अगले दिन रंगों का त्योंहार फाग मनाया जाता है जिसमें एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी जाती है। होली का त्यौहार पूरे भारत में मनाया जाता है, लेकिन उत्तर भारत में इसे अधिक उत्साह से मनाया जाता है। होली का त्यौहार देखने के लिए लोग ब्रज, वृन्दावन, गोकुल जैसे स्थानों पर जाते है। इन जगहों पर यह त्यौहार कई दिनों तक मनाया जाता है। रंगों के इस त्यौहार को फाल्गुन महोत्सव भी कहा जाता है। होली पर घरों में कई पकवान बनाये जाते है। स्वाद से भरे हमारे देश में हर त्यौहार में विशेष पकवान बनाये जाते है। इस मौके पर महिलाओं सुरिन्द्र कौर, गीता चौहान, दर्शना, रीना, नेहा, प्रीति आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थी में नैतिकता और संस्कारों का अभाव

- राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प का समापन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैम्प का समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। गांव काछवा में आयोजित इस सात दिवसीय दिन-रात कैम्प के समापन समारोह में मुख्य अतिथि आई. जी. नेशनल कॉलेज लाडवा के प्राचार्य डा. कुशलपाल रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे अपने बुजुर्गो का सम्मान करे एवं उनकी सेवा करे। आज विद्यार्थी में नैतिकता और संस्कारों का अभाव है। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा विद्यार्थी दृढ़ संकल्प लेते हुए हमेशा सकारात्मक सोचे और शिक्षा को हथियार बना कर अपना मुकाम हासिल करें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। दीपजोत, महक, निर्जला ने नृत्य प्रस्तुत किया। अंकुश और नमन ने मंच का सफलतापूर्वक संचालन किया। प्रिंस व रवि ने सर्वश्रेष्ठ कैम्पर पुरुष का पुरस्कार जीता। जबकि महकप्रीत और प्रभजोत कौर को सर्वश्रेष्ठ कैम्पर महिला का पुरस्कार जीता। अर्जुन ने पेटु कैम्पर का पुरस्कार जीता? इस कैम्प का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय तथा प्रो. प्रदीप कुमार के कुशल निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर गांव काछवा के सरपंच डॉ. दीपक, विनायक कालेज के डायरेक्टर नरेश मान, संजय भाटिया पंच, डॉ. बीर सिंह, डॉ. जुझार सिंह, दिनेश डोगरा, प्रो. विनीता, प्रो. रीतिका, गुरपाल सिंह, दिलबाग सिंह आदि मौजूद रहे।

## होली सांस्कृतिक विरासत को संजोने का पर्व: ग्रेवाल

- स्कूल प्रबंधन की तरफ से बच्चों के बीच आकर्षक रंग और मिठाईयां बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। होली कार्यक्रम मे भाग लेते स्कूल के बच्चे। फोटो: हरिभूमि

एस एम एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में होली का पर्व विद्यालय के प्रांगण में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका अनुभा ने होली पर्व के विषय में विस्तार से जानकारी दी, और सभी को होली के पर्व की शुभकामनाओं के साथ होली खेलते समय बरते जाने वाली सावधानियों के विषय में बताया। होली महोत्सव को लेकर स्कूल परिसर को आकर्षक रंगों से सजाया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन की तरफ से बच्चों के बीच आकर्षक रंग और मिठाईयां बांटी गयी। साथ ही बच्चों ने फूलों और गुलाल से एक दूसरे को गुलाल लगाकर धूमधाम से होली खेली। विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने सभी को होली के पर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा कि होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि सामाजिक बंधनो को मजबूत करने का भी पर्व है। इस दिन लोग पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाते हैं, मिठाई बांटते हैं और खुशी मनाते हैं। यह ना केवल रंगों और उल्लास का पर्व है, बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। विधालय में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा नृत्य ने सबका मन मोह लिया। शिक्षिकाओं के निर्देशानुसार सभी ने एक दूसरे को रंग लगा कर ख़ूब मस्ती की। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने होली के पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भावना और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का पर्व भी है। होली को वसंत महोत्सव, रंगों का त्योहार और प्रेम व भाईचारे का प्रतीक जैसे कई नामों से जाना जाता है। यह त्योहार धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। होली खुशियों के साथ सावधानियों का त्योहार भी होना चाहिए। प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके हमारी त्वचा और पर्यावरण दोनों को फायदा होगा। उन्होंने बच्चों को आर्गेनिक होली खेलने और किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार से बचने की सलाह दी।

## ब्राह्मण नेताओं को एक दूसरे का करना चाहिए सम्मान: ब्राह्मण खाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



- एक दूसरे के ख़िलाफ़ ब्राह्मण समाज के नेताओं ने जो टिप्पणियां की हैं वे चिंताजनक

ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेताओं को एक दूसरे को सम्मान देना चाहिए तथा मर्यादित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। सदन में एक दूसरे पर बोलते हुए ब्राह्मण नेताओं ने जो इस तरह के कटाक्ष किए हैं ब्राह्मण खाप उसकी निंदा करती हैं और भविष्य में सचेत रहने के लिए आग्रह भी करती हैं। इस तरह की एक दूसरे के ख़िलाफ बयानबाजी बहूत शर्मनाक और समाज के लिए घातक है ब्राह्मण समाज सदा से ही समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करता है हमेशा समाज को नई दिशा की ओर ले करके जाता है। एक दूसरे के ख़िलाफ़ ब्राह्मण समाज के नेताओं ने जो टिप्पणियां की हैं वह बेहद चिंताजनक है अगर हम ऐसा आचरण करेंगे तो दूसरे समाज हमारे समाज से क्या सीख लेंगे। यह बहुत गंभीर विषय है।

सदन की मर्यादा को बनाए रखने के लिए ब्राह्मण समाज की विशेष ज़िम्मेवारी बनती है और अगर हम लोग ही ऐसी बातें करेंगे और सदन की गरिमा को बनाए नहीं रखेंगे तो समाज में बहूत बड़ी बड़ी भ्रांतियां पैदा होंगी समाज की एकजुटता ख़त्म हो जाएगी समाज हिस्सों में बँट जाएगा और आने वाली पीढ़ी भी इन चीज़ों से अच्छा सबक़ नहीं लेंगी। ब्राह्मण खाप हरियाणा इस बारे में एक विशेष अभियान चलाकर इस मामले मे संज्ञान लेकर जल्द ही एक अधिवेशन बुलाएगी। अशोक शर्मा ने हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण जी से भी आग्रह किया कि इन सब बातों को सदन की कार्यवाही से न जोड़ा जाए।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में क्षमता अव्वल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

राजकीय कन्या महाविद्यालय बसताड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन के अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर आनंद कुमार सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। डॉ आनंद कुमार सैनी ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा से जुड़े रहने पर बल देते हुए कहा कि छात्राओं को व्यक्तित्व के विकास के लिए इस प्रकार की गतिविधियों में प्रतिभागिता आवश्यक करनी चाहिए। छात्राएं इस प्रकार के सामूहिक कार्यों से बहुत कुछ सीखती हैं और अपने जीवन में भी धारण करती हैं। प्राचार्य डॉक्टर महेंद्र सिंह बागी ने स्वयं सेविकाओं को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। और सात दिवसीय कैंप के संबंध में स्वयंसेविकाओं से वार्तालाप की। बसताड़ा गांव में सोशल मीडिया के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटिका, जल बचाओ पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली एवं स्वावलंबी भारत अभियान चलाया गया। हिमांशी बीए तृतीय वर्ष की स्वयंसेविका को सर्वश्रेष्ठ वालंटियर घोषित किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में क्षमता प्रथम , रेखा और मीनाक्षी द्वितीय स्थान और रूबी और नैंसी तृतीय स्थान पर रही।

## पालिका आधीन कर,फीस देने का लाभ आमजन को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

- यदि यह कर नियमानुसार नहीं भरे जाते तो इसका नुकसान भी स्वयं आमजन को ही



बक्शी ब्राह्मण सभा के कोषाध्यक्ष गौरव बक्शी ने कहा कि नगरपालिक आधीन सरकारी कर आवश्यक फीसें जमा कराने का लाभ आमजन को ही है। उन्होंने इसका खुलासा करते हुए कहा कि यदि आमजन रिहाइशी और वाणिज्यिक सम्पत्ति का नक्शा पास करा पालिका आधीन उचित फीस जमा कराते हैं अथवा अन्य पालिका आधीन कर नियमानुसार भरते हैं तो इसका लाभ आमजन को ही मिलता है अर्थात सरकार को आय प्राप्त होती है और सरकार वह आय आमजन के कल्याणकारी कार्यों में खर्च करती है और यदि यह कर नियमानुसार नहीं भरे जाते तो इसका नुकसान भी स्वयं आमजन को ही है।उन्होंने कहा जब सरकार का पैसा सरकार तक नहीं पहुंचेगा तो व्यवस्था बिगड़ती है और महंगाई बढ़ने का भी यह एक बड़ा कारण है। उन्होंने आमजन से अपील की एक जागरूक नागरिक बन पालिका आधीन सम्पूर्ण कर अथवा आवश्यक फीसें नियमानुसार भरें ताकि व्यवस्था कायम रहे और आमजन को इसका लाभ मिल सके।

**कार्यक्रम** समाजसेवियों ने कहा: लोगों की आवाज उठाने के साथ-साथ कर रहे समाज सेवा

# शिविर में 101 युवाओं ने रक्तदान किया, भाजपा नेता प्रवीण गुप्ता ने 50वीं बार कमाया पुण्य

- वीरवार को करनाल से आई रेड क्रॉस की टीम ने रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित शहर के उद्योगपति।

तरावड़ी पत्रकार एकता मंच ने होली पर्व पर समाज को एक नई दिशा प्रदान करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया। करीब 101 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। तरावड़ी पत्रकार एकता मंच इससे पहले चार रक्तदान शिविर आयोजित कर चुका है।

वीरवार को करनाल से आई रेड क्रॉस की टीम ने रक्तदान शिविर में अपनी सेवाएं दी। इस रक्तदान शिविर में आए उद्योगपतियों और समाजसेवियों ने पत्रकारों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि पत्रकार कलम के माध्यम से जहां लोगों की आवाज सरकार तक पहुंचा रहे हैं वहीं समाज सेवा में भी अतुल्य योगदान दे रहे हैं। तरावड़ी पत्रकार एकता मंच के वरिष्ठ पत्रकार हरीश चावला, अध्यक्ष वीरेंद्र जांगड़ा, उप प्रधान राजकुमार खुराना, सुभाष सचदेवा, रामकुमार गुप्ता, रोहित लामसर, संदीप कटारिया और पंकज ठाकुर के सहयोग से रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया गया। उद्योगपति पंकज गोयल, राजीव नारंग, सुभाष गुप्ता, राकेश हंस ने रक्तदान शिविर में आकर रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर पंकज गोयल, राजीव नारंग, सुभाष गुप्ता और राकेश हंस ने कहा कि पत्रकार समाज सेवा का सही आईना दिखा रहे हैं। क्योंकि रक्त दूसरों का जीवन बचाता है इससे महान कार्य और कोई हो नहीं सकता।

इस मौके पर सभी रक्तदाताओं को बैच लगाकर उन्हें सम्मान दिया गया और प्रत्येक रक्तदाता को समृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर रेड क्रॉस करनाल की ओर से डॉ दीक्षा, आशा,ज्योति, आरती, राजकुमार,अनिल कुमार और विकास ने अपनी सेवाएं प्रदान की। रक्तदान शिविर में भाजपा नेता प्रवीण गुप्ता ने 50वी बार रक्तदान किया। वही भाजपा नेता रणजीत भारद्वाज भी अपनी सेवाएं देने पहुचे। रक्तदान शिविर में 101 रक्तदाताओं ने दूसरों का जीवन बचाने के लिए अपना रक्तदान किया। तरावड़ी पत्रकार एकता मंच ने सभी उद्योगपतियों और समाज सेवियो के साथ-साथ सभी रक्तदाताओं का इस रक्तदान शिविर में सहयोग करने के लिए कोटि-कोटि आभार भी प्रकट किया है।

*केमिकलयुक्त रंगों से त्वचा पर पड़ता है असर*

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा एमएचयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने गेंदे की फूल पत्तियों से कई रंगों का हर्बल गुलाल तैयार किया

होली का त्योहार देशभर में बड़े पैमाने पर मनाया जाता हैं। रंगों के बिना होली पर्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हर कोई एक दूसरे पर रंग डालकर, गुलाल लगाकर खुशी का इजहार करता है। लेकिन कई बार कैमिकलयुक्त गुलाल त्वचा को नुकसान पहुंचाते है, जो सभी के लिए तकलीफदायक होता है, कई बार तो मर्ज इतना बढ़ जाता है कि लोगों को त्वचा रोग विशेषज्ञों के पास भी जाना पड़ जाता हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। क्योंकि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने गेंदे की फूल पत्तियों से कई रंगों का हर्बल गुलाल तैयार किया है।

एमएचयू द्वारा फूलों ओर फूल की पत्तियों से बनाए गए हर्बल गुलाल की तारीफ स्वयं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की। उन्होंने एमएचयू के कुलसचिव सुरेश सैनी से ज्यादा से ज्यादा मात्रा में हर्बल गुलाल को बनाने को कहा है, जिससे लोगों को भी बिना कैमिकल वाला हर्बल गुलाल उपलब्ध हो। आपसी भाईचारे के प्रतीक होली पर्व में फूलों की महक भी शामिल हो। संभावना है कि शीघ्र ही फूलों के वास्तविक सुगंध और रंगों का गुलाल लोगों को उपलब्ध हो सकेगा।

महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भी एमएचयू तेजी से काम कर रहा है। हर्बल रंगों की ओर लोगों का रूझान ओर लोगों को कैमिकलयुक्त रंगों से बचाने के लिए एमएचयू के वैज्ञानिक फूलों ओर फूल पत्तियों से गुलाल बनाने पर शोध कर रहे है। लेकिन अभी एमएचयू ने होली पर्व को देखते हुए गेंदे के फूल ओर पत्तियों से हर्बल गुलाल तैयार किया है, जो कैमिकल रहित है। कुलपति ने कहा कि प्राकृतिक रंगों से तैयार हर्बल लोगों को जब मिलेगा तो निश्चित तौर पर लोगों में हर्बल रंगों की ओर रूझान बढ़ेगा। लेकिन इसके लिए ज्यादा संसाधनों की जरुरत है। इसे देखते हुए एमएचयू द्वारा हर्बल रंगों की मांग पूरी करने के लिए इनका व्यापारीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खास बात ये कि हर्बल गुलाल से होली खेलने से पानी की बचत होगी। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी हर्बल गुलाल से होली खेले, पानी अनमोल हैं, इसे सहेजने की जरुरत है।

## खबर संक्षेप

### सुसरालियों की प्रताड़ना से युवक ने सुसाइड किया

**पानीपत।** इसराना क्षेत्र में 32 वर्षीय मनीष कुमार पुत्र रघुवीर मूल निवासी गांव सौटा जिला अंबाला ने जहर खा कर आत्महत्या कर ली। मनीष एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। सुसाइड से पहले मनीष ने इंग्लैंड में रहने वाले अपने भाई को बताया कि उसकी पत्नी के उसके दोस्त के साथ अवैध संबंध हैं। वहीं, सास उसे जान से मारने की धमकी दे रही थी और ससुराल वाले प्रताड़ति कर रहे थे। रघुवीर की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने मनीष के सुसराल वालों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मनीष की गत वर्ष ही अप्रैल माह में शादी हुई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मनीष का उसके पिता रघुवीर को सौंप दिया।

### महाकाली शोभायात्रा 15 को

**पानीपत।** संत श्री आनंद प्रकाश ने बताया कि ऊं गुरू शरणम द्वारा होली महोत्सव 15 व 16 मार्च को तहसील कैंप के सुभाष नगर स्थित श्री दुःख भंजन दरबार में मनाया जाएगा। वहीं 15 मार्च को महाकाली पालकी शोभायात्रा दोपहर तीन बजे कोहण्ड स्थित श्री दुःख भंजन दरबार से चलकर सांय 5 बजे सेक्टर 13 के वृन्दा एन्क्लेव के भागवत पार्क नंबर तीन में पहुंचेगी। जहां पालकी शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

### चिराग ने सिल्वर मेडल जीता

**पानीपत।** जिनवाणी विद्या भारती स्कूल के नौवीं क्लास के छात्र चिराग ने सीनियर जिला स्तरीय खो-खो चैंपियनशिप में चरखी दादरी में आयोजित खेल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीत है। प्रिंसिपल नीलम गक्खड़ ने चिराग को बधाई दी।

### होली रंगों में छिपा जीवन का संदेश

**पानीपत।** होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं है बल्कि यह जीवन की विविधता, उल्लास और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है। होली का त्यौहार हमें सिखाता है कि जीवन में हर भावना, हर परिस्थिति का स्वागत खुले मन से करें। यह पर्व प्रेम, सद्भाव,आनंद और आध्यात्मिक जागरण का एक दिव्य अवसर है। जो हमें जीवन को संपूर्णता से जीने की प्रेरणा देता है। यह विचार आर्ट आफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी ने व्यक्त किए।

## श्री सनातन धर्म मंदिर में दो दिवसीय दिव्य फाग महोत्सव का शुभारंभ

# श्रद्धालुओं ने होलिका का पूजन कर दहन किया

■ होली पर्व का जादू बच्चों के सिर चढ़कर बोल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत





**पानीपत।** के एल्डिको में होलिका का पूजन करती नारी शक्ति व मॉडल टाउन के श्री सनातन धर्म मंदिर में भजन संध्या का आनंद लेते हुए मातृ शक्ति।

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में श्रद्धालुओं ने होलिका का पूजन किया और सामर्थ के अनुसार दानपुण्य किया। वहीं, देर रात पूजन के बाद विधि विधान से होलिका का दहन किया गया। जबकि होली पर्व का जादू बच्चों के सिर चढ़कर बोल रहा है। वीरवार को सुबह से लेकर शाम तक बच्चें होली के रंग में रंगे रहे। इधर, श्री सनातन धर्म मंदिर के प्रांगन दो दिवसीय दिव्य फाग महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सुरेंद्र शर्मा और उनकी धर्मपत्नी विभा शर्मा ने शिरकत की। इधर, महोत्सव में वृन्दावन धाम से पहुंची भजन प्रवाहिका माधवी शर्मा ने भजन सुनाए। वहीं, संकीर्तन के बाद में सभी भक्तों व संस्था के सेवादारों व पदाधिकारीयों ने प्रांगन में फूलों की होली खेली। होली के बाद सभी के लिए अमृतुल्य भंडारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर, मंदिर प्रबंधन समिति के प्रधान तरुण गांधी ने बताया की होली पर्व पूरी सद्भावना के साथ मनाया जा रहा है।



**पानीपत।** आईसीएआई में होली मिलन व सेमिनार का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स। फोटो :हरिभूमि

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने खेली होली

**पानीपत।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा शाखा के प्रधान सीए सोनू गोयल की अध्यक्षता में सेमिनार का आयोजन हुआ। वहीं, गोयल ने सभी सदस्यों से कि कहा आज हम एक अद्भुत अवसर पर एकत्रित हुए हैं। जहां एक ओर हम जीएसटी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करेंगे, वहीं दूसरी ओर, हम सभी होली के इस पर्व को भी मिलकर मनाने जा रहे हैं। होली हमें एकजुटता, प्रेम और खुशियों का संदेश देती है, आइए, इस खास दिन पर हम ज्ञान और रंगों के साथ खुशी बांटे और एक नए उत्साह के साथ आगे बढ़ें। होली की ढेर सारी शुभकामनाएं और सेमिनार के सत्र में आपकी सक्रिय भागीदारी का स्वागत है। वहीं, सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में सीए अतुल गुप्ता भूतपूर्व अध्यक्ष, आईसीएआई ने जीएसटी की बारीकियां के बारे में और जीएसटी के नोटिस क्यों आते हैं उनके आने का क्या कारण है और उनसे कैसे बचा जाए और अगर आ जाता है तो किस तरीके से उसका रिप्लाई दिया जाए। सभी मेंबर के साथ चर्चा की और सभी उन्होंने सभी सीए सदस्यों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सीनियर मेंबर्स का गुलदस्ते व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

*हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की*

# बाल विवाह से छिन जाता है बच्चों का बचपनः डॉ. दहिया

■ बाल विवाह निषेध अधिकारी और एमडीडी ऑफ इंडिया ने बाल विवाह के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत



**पानीपत।** एमडीडी ऑफ इंडिया के संजय कुमार, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिला लघु सचिवालय सभागार में जिला उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया द्वारा हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। जिसके बाद सभी अधिकारियों पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीटीएम, जिला परिषद सीईओ, एमडी शुगर मील, नगर निगम कमिश्नर, सरंक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ लेते हुए हस्ताक्षर अभियान को अपना समर्थन दिया। वहीं डीसी डॉ. दहिया ने बताया कि बाल विवाह देश के सामने एक बड़ी सामाजिक चुनौती है जिस कारण बड़ी संख्या में बच्चों का बचपन छिन जाता है। बच्चों को शिक्षा और खेलकूद के पर्याप्त मौके मिलने चाहिए ताकि वे बड़े होकर स्वस्थ नागरिक बन सकें। समय समय पर प्रशासन द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने कहा कि भारत सरकार द्वारा देश को 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सभी के सहयोग की महती आवश्यकता है।

# राधिका बन के खोजती है आंखें, कहां नंदलाल होली में

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत



पानीपत रिफाइनरी टाउनशिप में हिंदी विभाग संयुक्त तत्वावधान में आयोजित काव्य गोष्ठी में शिरकत करते हुए कविगण। फोटो : हरिभूमि

पानीपत रिफाइनरी टाउनशिप में विहान ऑफिसर्स क्लब और हिंदी विभाग संयुक्त तत्वावधान में काव्य गोष्ठी हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पानीपत के वरिष्ठ शायर सिराज पैकर ने की। वशिष्ठ अतिथि तारिक अनवर रहे। मुख्य अतिथि मीणा दहूजा रहीं। कार्यक्रम का संयोजन अनुपिंदर सिंह 'अनूप' और नरेश लाभ ने किया तथा मंच संचालन की भूमिका मनु बदायूंनी ने निभाई। इस अवसर पर धर्मेंद्र मुसाफ़िर अशोक मलंग, आशीष ताज, मनोज मधुरभाषी, करनजीत सिंह मान, अरुण कुमार, अनुपिंदर सिंह अनूप, मनु बदायूंनी, नरेश लाभ, मीणा दहूजा, तारिक अनवर और सिराज पैकर इत्यादि कवियों ने प्रतिभागिता करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, अनुपिंदर सिंह अनूप ने सुनाया कि खूब बरसे गुलाल होली में फिर मचा है धमाल होली में राधिका बन के खोजती आंखें है कहां नन्दलाल होली में। कमलेश पालीवाल ने सुनाया कि बहुत घायल हैं मेरे होंठ देखो। मैं फिर भी मुस्कुराना चाहता हुं। सिराज पैकर ने सुनाया कि पुरज़ोर आंधियों के है, बारिश भी साथ-साथ, कच्चे मकां गिराने की साज़िश भी साथ-साथ। आशीष ताज नीलोखेडी ने सुनाया कि रमज़ान का जुम्मा हो या रंगों का हो त्यौहार मिलजुल के हम मनाएंगे भारत में प्यार से। मीना दहूजा ने सुनाया कि रंग दिल के सभी वो उडेला किया सब बहका किये भंग हो मान कर। अरूण कुमार ने सुनाया कि तेरी फिर याद आई है इस बार होली में, खिले है फूल और उड़ा गुलाल होली में। मनोन मधुरभाषी ने सुनाया कि जो मुहब्बत को समझता हो, उसे समझदार कहते हैं। जो लहरों से टकराता हो, पतवार कहते हैं। नरेश लाभ ने सुनाया कि राजा ऋतुओं का खड़ा, लिए संग मधुमास, आ जाओ अब तो प्रिये,बैठो मेरे पास। मनु बयायूंनी ने सुनाया कि होली मेरे महबूब से वैसे भी है दुश्वार वो इतनी है काली कि कोई रंग नहीं चढ़ता। धर्मेंद्र अरोडा मुसाफिर ने सुनाया कि कुछ खता अनकही आप कर लीजिए दर्द से दिल्लगी याद कर लीजिए। अशोक मलंग ने सुनाया कि हर बात को बताकर कहती है खैर छोड़ो जज़्बात वो जगा कर कहती है खैर छोड़ो। तारिक अनवर ने सुनाया कि कुछ ऐसे बिखरा है गालों पर इक हंसी के गुलाल कहीं गुलाब लगे हैं कहीं कंवल चेहरा।

# जनता की निष्काम सेवा करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत



पानीपत के जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय के सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि हर अधिकारी को हर वर्ग के लोगों को सहारा देकर उनकी समस्या का समाधान करना है। अधिकारी जनता की निष्काम सेवा करें। शिविर में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को होली की शुभकामनाएं दी व फूलों की होली के साथ इस त्यौहार को पवित्रता के साथ मनाने का संदेश दिया। उपायुक्त ने कहा कि होली सौहार्द व भाई-चारे के इस त्यौहार को सामाजिक रूप से इस पर्व को ऊंच नीच की दीवार को तोडने वाला पर्व माना जाता है। यह पर्व पूजा के स्थान पर रंगोली बनाना कलाधर्मिता के साथ रंगों के मनो विज्ञान को भी प्रदर्शित करता है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि होली सामाजिक स्नेह, सदभाव एवं सहकार का अपनी तरह का अनुठा पर्व है। सभी इस दिन मिलकर होलिका का दहन करते हैं।

### भाजपा की जीत में सुभाष का अहम रोल



**पानीपत।** नगर निगम के चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत में जनता का योगदान रहा। वहीं इस चुनाव में एक व्यक्ति का ऐसा योगदान रहा जिसने अपने को सदा सेवक के रूप में काम करता रहा कभी अपने को नेता के रूप में नहीं दर्शाया। वह चेहरा है राष्ट्रीय कबीरपंथी समाज सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष चंद् कबीरपं थी। उन्होंने चाहे कोमल सैनी की जनसभा हो या वार्ड पार्षदों की जनसभा हो सभी में अपना योगदान दिया। वार्ड सात का संयोजक होने के नाते उसने अपनी भूमिका शानदार तरीके से पेश की। सुभाष के प्रयासों से ही दलित वर्ग का वोट, भाजपा को मिला।




# धार्मिक यात्रा से मन की शांति मिलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत



प्रवीण जैन

समाज सेवा संगठन की ओर से मेहंदीपुर बालाजी खाटू श्याम सालासर बाला जी की निःशुल्क धार्मिक यात्रा करायेगा। संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि धार्मिक यात्रा करने से इंसान को जमा मन की शांति मिलती है वहीं वह उर्जावान होता है। इसके मद्देनजर समाज सेवा संगठन के बैनर तले 26 मार्च को रेलवे स्टेशन माल गोदाम से शाम छह बजे बस रवाना होगी। जबकि 27 मार्च सुबह मेहंदीपुर बालाजी पहुंचेगी और दोपहर एक बजे यात्रा खाटू श्याम के लिए रवाना होगी तथा करीब पांच बजे खाटू श्याम पहुंचेगी। वहीं 28 मार्च दोपहर एक बजे यात्रा सालासर के लिए रवाना होगी और तीन बजे बस सालासर बाला जी पहुंचेगी। जिसके बाद दर्शन करके रात दस बजे यात्रा पानीपत के लिए रवाना होगी।

### होली पर हुडदंगियों से सख्ती से निपटेगी पुलिस

**पानीपत।** पानीपत में फाग का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस त्योहार पर एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को गुलाल लगाते हैं व एक-दूसरे पर पानी डालते हैं। शुक्रवार को फाग के दिन यह सिलसिला पूरे दिन चलेगा। कुछ असामाजिक तत्त्व छोटे मोटे झगड़े को बड़ा रूप दे देते है। ऐसी परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए जिला पुलिस की ओर से होली व फाग के पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

**सद्भावना बनाएं रखें नागरिकः** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने होली के त्योहार के मद्देनजर जिले में कानून एवं व्यवस्था व सांप्रदायिक सद्धभावना को बेहतर बनाए रखने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से सुव्यवस्थित करने व किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटने व आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधक व चौकी इंचार्जों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में हुड़दंग बाजी करने वालों से सख्ती से निपटने के विशेष रूप से दिशा निर्देश दिए हैं।

# पानीपत को विकसित शहर बनाएंगे : मनोहर लाल

■ होली ऋतु परिवर्तन का उल्लास लेकर आता है जो हृदय के विकारों को दहन और आत्मीयता के रंग रस से अभिसिंचित करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पानीपत



**पानीपत।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ मेयर कोमल सैनी व पार्षदगण

हुडा सेक्टर 24 के एमजेआर संस्थान में पानीपत नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर और पार्षदों के अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल रहे। विशिष्ट अतिथि पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज रहे। नवनिर्वाचित मेयर कोमल सैनी व सभी भाजपा पार्षद विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। समारोह को भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय भाटिया, जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर और रोशन लाल माहला ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता राम कुमार सैनी, राहुल विज, मनीष सैनी सैनी, चांद भाटिया सहित अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहे। वहीं, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने निकाय चुनावों में भाजपा की जीत पर नवनिर्वाचित मेयर एवं पार्षदों को बधाई देते हुए कहा कि यूं तो पानीपत ने हमेशा ही भाजपा की जीत का एक नया इतिहास बनाया है। जितनी जीत बड़ी होती है उसके बाद जिम्मेदारी भी उतनी ही बढ़ जाती है। इसलिए सभी नगर निगम के मेयर व पार्षद पूरे समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए भय भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का काम करें और प्राथमिकता के आधार पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करें। पानीपत को विकसित शहर बनाएंगे। यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में हो रहे नॉन-स्टॉप विकास पर जनता की स्वीकृति की स्पष्ट मुहर है। कांग्रेस जातिवाद, परिवारवाद और क्षेत्रवाद के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकल पा रही है। उन्होंने कहा कि होली केवल एक त्यौहार ही नहीं है बल्कि मानव जीवन के विविध रंगों का दर्पण भी है। होली ऋतु परिवर्तन का उल्लास लेकर आता है जो हृदय के विकारों को दहन और आत्मीयता के रंग रस से अभिसिंचित करता है।






## खबर संक्षेप

### बीत गई बात को भुलाने का पर्व है होली: संजीव

**नारायणगढ़।** तहसीलदार संजीव अत्री ने कहा कि होली का त्योहार का धार्मिक महत्तव होने के साथ-साथ एक संदेश भी है कि होली मतलब जो बीत गई उसको भूल कर आगे के बारे में सोचना। यानि बीती ताहि बिसार दे आगे की सुध ले सो अगर किसी से आज तक गिला शिकवा है उसे भुला कर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि इसी तरह अगर पीछे कोई निर्णय गलत ले लिए गए लगते हों तो उन्हें भी भुला कर फिर से अच्छा करने की कोशिश करनी चाहिए।

### शहजादपुर:एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम का समाप्न

**शहजादपुर।** पीएम श्री राजकीय कन्या वमावि में एक्सपर्ट्स टॉक कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को विशेष अतिथि जगदीप असिस्टेंट प्रोफेसर मैकेनिकल इंजीनियरिंग स्वामी देवी दयाल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बरवाला पंचकूला द्वारा बच्चों को आधुनिक टेक्नोलॉजी से अवगत कराया गया।

### दो ट्रैक्टर- ट्रॉलियों को किया जब्त

**नारायणगढ़।** एसडीएम शाश्वत सांगवान द्वारा अवैध खनन के परिवहन में शामिल दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पकड़ कर खनन विभाग के हवाले किया है। खनन विभाग ने नियानुसार कार्रवाई करते हुए इन दोनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों को सीज कर दिया है। एसडीएम ने वीरवार को नारायणगढ़-अंबला मार्ग पर निरीक्षण के दौरान अवैध खनन के परिवहन में शामिल दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को पकड़ा जिनमें से एक में रेत, दूसरी में गटका भरा था।

### छात्राओं को पुलिस ने किया जागरुक

**शहजादपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय एवं प्राथमिक पाठशाला बनौदी तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला बिलासपुर में पुलिस विभाग की सेफ सिटी टू नारायणगढ़ टीम द्वारा विद्यार्थीयों तथा स्कूल स्टाफ को जागरूक किया गया। इस टीम का नेतृत्व कर रही हेड कांस्टेबल अंजू सैनी ने हेल्पलाइन नंबर 112, दुर्गा शक्ति, पॉक्सों एक्ट, गुड टच/बैड टच विद डेमों के साथ बताया। इसके अलावा उन्होंने साइबर क्राइम एवं महिला सुरक्षा के बारे में बताया।

### नई वोट बनवाने का काम करें बीएलओ

नारायणगढ़। रिटर्निंग अधिकारी-3 शाश्वत सांगवान ने कहा कि सभी बीएलओं अपने क्षेत्र में नई वोट बनवाने, वोट संबंधी अगर किसी प्रकार की त्रुटि है तो उसे ठीक करने का काम करें। इसके लिए नियमित रूप से कार्य किया जाए। सांगवान वीरवार को कार्यालय में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की ।

### चित्रा सरवारा ने चुनाव हारने वाले अपने उम्मीदवारों की भी पीठ थपथपाई

# हम सदन में निभाएंगे मजबूत विपक्ष की भूमिका, जनता का फैसला स्वीकार

- चित्रा सरवारा ने निकाय चुनाव में चार प्रत्याशियों की जीत पर जताई खुशी, कहा अध्यक्ष व सदस्य उम्मीदवारों को छावनी की 32 फीसदी जनता ने वोट देकर जताया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** चित्रा सरवारा के साथ निर्वाचित सदस्य व अन्य कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

विधानसभा चुनाव में आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा ने अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में उनके प्रत्याशियों को मिले समर्थन पर छावनी की जनता का आभार जताया है। चित्रा ने कहा कि उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष के साथ 30 वार्डों में अपने उम्मीदवार उतारे थे। बेशक उनकी उम्मीदवार अध्यक्ष पद जीत नहीं पाई लेकिन छावनी की सवा 34 फीसदी जनता ने उन्हें वोट देकर भरोसा जताया है। चित्रा वीरवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि 30 में से चार वार्डों से उनके उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। साथ ही सभी सदस्य उम्मीदवारों को साढ़े 31 फीसदी वोट शेयर मिला। इसके लिए भी उन्होंने जनता का आभार जताया। साथ ही होली की शुभकामनाएं भी दी।

#### जनता का भरोसा जीता: चित्रा

चित्रा ने कहा कि जिस तरह निकाय चुनाव में उनके उम्मीदवारों को वोट शेयर मिला उससे यह साबित हो गया कि जनता ने बतौर मजबूत विपक्ष उन पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि हम जनता का फैसला स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने निर्वाचित सदस्यों के साथ भाजपा की निर्वाचित अध्यक्ष व सदस्यों को भी शुभकामनाएं देती हूं।

उम्मीद है कि अगले पांच साल ये निर्वाचित सदस्य निष्पक्षता के साथ छावनी की जनता की नुमाइंदगी करेंगे। विकास के मामले में अपने-अपने इलाकों को ये निर्वाचित सदस्य आगे ले जाने का काम करेंगे। उन्होंने चुनाव हार वाले अपने उम्मीदवारों की भी पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आसान नहीं था क्योंकि केंद्र लेकर राज्य तक में भाजपा की सरकार है। ऐसे में राज्य सरकार के खिलाफ मजबूत विपक्ष के तौर पर चुनाव लड़ना काबिलेतारीफ है। उन्होंने कहा कि देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था बेहद मजबूत है। उनके उम्मीदवारों के साथ जनता में भी लोकतंत्र बेहद मजबूती से जिंदा है।

#### मतदान कम पर उठाए सवाल

चित्रा ने इस दौरान निकाय चुनाव में मतदान कम होने पर भी सवाल उठाए। इसके लिए उन्होंने राज्य चुनाव आयोग से भी शिकवा किया। उन्होंने कहा कि कई मतदान केंद्र रिहायशी बस्तियों से दूर बनाए गए जिसकी वजह से लोग मतदान करने ही नहीं पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि ऐसी वजहों से 10 से 12 फीसदी मतदाता केंद्र तक मतदान के लिए नहीं पहुंच पाया। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव वीवीपैट के बिना करवाना संविधान की उल्लघंना है। मतदान के दौरान हर मतदाता को यह जानने का हक है कि उसने किस उम्मीदवार को वोट दिया है। चुनाव आयोग की भी ये जिम्मेदारी है।

#### संगठन को मजबूत करेंगे

चुनाव से पहले ईवीएम में खराबी थी। किसी मशीन में नोटा का बटन काम नहीं कर रहा था तो किसी में दूसरे तकनीकी खामियां थी। उम्मीद है कि भविष्य में ऐसे खामियों से लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा हमने चुनाव में शिक्षित व युवा उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। 31 में से 30 पहली बार चुनाव लड़े। इनमें सबसे जयादा 14 महिला उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने का मौका दिया गया। उन्होंने किया तीन वार्डों में हम बेहद नजदीकी मुकाबले में हारे। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार के कई कारण है। कुछ हमारी भी कमियां थी उन्हें दुरुस्त किया था। उन्होंने कहा कि जिन वार्डों में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायतें आ रही हैं उसको लेकर हम चुनाव आयोग को ज्ञापन भेजेंगे। चित्रा ने जल्द ही अपने संगठन को मजबूत करने का भी ऐलान किया।



**अंबाला।** नवनिर्वाचित मेयर शैलजा सचदेवा मंत्री विज से आशीर्वाद लेते हुए।

# नवनिर्वाचित मेयर शैलजा ने मंत्री से लिया आशीर्वाद

### विज बोले-प्रदेश से खत्म हो चुकी कांग्रेस नाम की चीज

- शैलजा को जनसेवा में अहम भूमिका निभाने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की नवनिर्वाचित मेयर शैलजा सचेदवा ने वीरवार को परिवहन एवं उर्जा मंत्री अनिल विज से आशीर्वाद लिया। इस दौरान विज ने शैलजा को आशीर्वाद देते जनसेवा में अहम भूमिका निभाने की बात कही। इस दौरान विज ने होली त्यौहार के अवसर पर सरकार और प्रशासन के सख्त होने तथा उत्तर प्रदेश में मुस्लिमों द्वारा होली का विरोध करने पर कहा कि ''हिंदुस्तान का अगर संधि-विच्छेद करें तो इसका मतलब है "हिंदुओं का स्थान", अगर यहां रह रहे हो तो हिंदु अपने त्यौहारों को धूमधाम से मनाएंगे। अगर उसका कोई छींटा मुस्लिम भाई पर पड़ जाए तो उसमें भी सहनशक्ति तथा बर्दाश्त करने की हिम्मत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुस्लिम भाई जो हिंदुस्तान में रह रहे हो, जैसे कि यदि बाहर बरसात हो रही है जो भीगने नहीं चाहता है वह घर में बैठे। इसी प्रकार मैं होली नहीं खेलता हूं। अपने घर में बैठता हूं। अगर कोई व्यक्ति बाहर जाता है तो थोड़े बहुत कपड़े गीले जरूर होते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा को बंपर जीत मिली है। कांग्रेस खाता ही खोल पाई है। कहा कि ''कांग्रेस नाम की चीज अब हरियाणा ही नहीं है। अब देश में भी खत्म हो चुकी है। जहां पर चुनाव हो रहे हैं सब जगह पर भारतीय जनता पार्टी जीत रही है। राजनीति की दिशा और दशा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बदल दिया है।उन्होंने कहा कि 'अंबाला छावनी की जनता हमारे साथ ही है। अंबाला छावनी के लोगों ने 32 में से 25 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को जिताया है। कहा कि विस चुनाव में अगर इंजीनियरिंग न होती तो उस चुनाव में भी जनता इनको जवाब दे देती जो उड़ते फिरते थे।

# भगवान ने हमें बहुत कुछ दिया अब उसे वापस करने का समय : दीदी

### बीके बहनों ने भव्य कार्यक्रम में ग्रामीणों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के साथ बीके बहनें।

- भगवान ही हमें चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देगा।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी ने कहा भगवान ने हमें इतना कुछ दिया है तो अब समय है हम भी उसको कुछ वापिस करें। भगवान की हम सबसे आशा है कि हम एक दूसरे के साथ प्रेम प्यार से रहे। कभी किसी का दिल न दुखाएं। कभी किसी का अपमान न करें। कभी किसी की निंदा न करें। दुखी परेशान बीमार लोगों को शुभभावना दे। प्रीति दीदी गांव अकबरपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि अपना हर कर्म भगवान जिसे हम प्यार से बाबा कहते हैं उनसे बात करते-करते करें। जैसे माताएं घर की साफ़ सफाई या कोई अन्य काम व भाई कारोबार से संबंधित या ओर कोई अन्य काम करने से पहले कहो चलो बाबा ये काम करते हैं। इसी प्रकार काम करते हुए अगर कभी कोई मन में ऐसा संकल्प आ रहा है जिसके कारण भारीपन लग रहा है तो उसे उसी समय बाबा से बात करके बाबा को सौंप दो। कहो बाबा मुझे नहीं पता मुझे ये संकल्प क्यों आ रहा है लेकिन मेरा यह संकल्प मैं आपको दे रहा हूं। जब हम हर कर्म बाबा के साथ करेंगे अर्थात बाबा की याद में करेंगे तो भले ही हमारे सामने परिस्थिति तो आएगी लेकिन बाबा हमें उस परिस्थिति का सामना करने का समाधान देगा। हमारे मन पर भारीपन व बोझ नहीं आएगा। आने वाला समय चुनौतियों से परिपूर्ण होगा। एक से एक झकझोर देने वाले दृश्य हमारे सामने आएंगे। ऐसे समय में सिर्फ़ एकमात्र भगवान का साथ ही हमें उन चुनौतियों का सामना करने की शक्ति देगा।



चयनित नवनियुक्त अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

### भारत विकास परिषद की परिवारिक मिलन सभा का चुनाव संपन्न, सीए मित्तल को जिम्मेदारी

**अंबाला।** अंबाला शहर की भारत विकास परिषद नगर शाखा की परिवारिक मिलन सभा में वर्ष 2025-26 के चुनाव संपन्न हुए। सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वासमति से सीए नरेश मित्तल को अध्यक्ष चुना। सभी ने सर्वासमति से सीए रोहित गुप्ता को सचिव और विनोद कुमार आर्य को वित्त सचिव भी चुना। इस अवसर पर भारत विकास परिषद से चुनाव पर्यवेक्षक डॉ. किरण आंगरा उपस्थित रही। उन्होंने सभी सदस्यों का सर्वसम्मति से निर्विरोध अगले वर्ष की कार्यकारिणी चुने जाने पर धन्यवाद किया। प्रधान सीए नरेश मित्तल ने बताया कि इस वर्ष का मुख्य लक्ष्य परिषद के लिए उत्कृष्टता का केंद्र स्थापित करना रहेगा जिसमें समाज के गरीब तबके के लोगों को निशुल्क में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही पिछले कई वर्षों से चल रहे मोतियाबिंद मुक्त अंबाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत मोतियाबिंद के ऑपरेशन भी हर माह फ्री कराए जाएंगे। किफायती शुल्क पर मेडिकल सुविधाएं जिसमें अल्ट्रासाउंड, सामान्य एवं दंत चिकित्सा, सभी प्रकार के टेस्ट और भौतिक चिकित्सा परिषद के अगरसैन चौक ऑफिस में उपलब्ध करवाई जा रही हैं।








हवन यज्ञ में आहुतियां डालते गणमान्य लोग।

# होलिका दहन से घर की दरिद्रता का नाश: पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर स्थित श्री परशुराम मंदिर पीपली बाजार में होली के अवसर पर मासिक सत्यनारायण कथा एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। पंडित पंकज डिमरी ने यहां आए भक्तों को सत्यनारायण भगवान की कथा सुनाई तथा बताया कि इस दिन होलिका दहन से घर की दरिद्रता का नाश होता है। इसकी राख से तिलक करना भी अत्यन्त शुभ माना जाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला ब्राह्मण सभा के चेयरमैन देवेंद्र शर्मा रहे। बताया कि परशुराम मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। यहां पर सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आज यहां पर होली पूजन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया है। हवन यज्ञ के पश्चात चाय का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान महिला मण्डल की ओर से अति सुन्दर संकीर्तन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण सभा के इतिहास, सभा द्वारा सामाजिक बुराइयों के खिलाफ किए जा रहे सनातन धर्म के प्रचार एवं प्रचार, लालचवश दहेज प्रथा तथा विवाह के बाद बढ़ रही तलाक की प्रवृति के साथ-साथ सड़कों पर लगातार हो रही दुघर्टनाओं पर चिंता भी व्यक्त की गई। साथ ही सभी से आगे आकर अपने बच्चों को संस्कारित करने की अपील की।